चूरू में आंधी के बाद हुई मूसलाधार बारिश

किसानों ने खेतों में बुवाई का काम शुरू किया

चूरू, (कासं.)। शेखावाटी में बुधवार को धूप और आंधी के बाद मूसलाधर बारिश हुई। यहां बारिश के बाद मौसम खुशनुमा बन गया है। यहां सवेरे से ही सूर्य देवता ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए। दोपहर बाद चार बजे आंधी चलनी लगी, उसके आधा घंटा बाद मूसलाधार बारिश शुरू हो गई।

बारिश के शहर के विभिन्न मुख्य मार्ग भारी मात्रा में पानी एकित्रत होने के कारण बंद हो गए। यहां पंचायत समिति के सामने, रीको रोड़ नम्बर तीन व चार पर, उद्यमसिंह चौक, रेलवे स्टेश के सामने, टाऊन हॉल के पास, पुराना बस स्टेण्ड सहित खुद कलैक्ट्रेट में पानी भर गया। कलैक्ट्रेट एक हिस्सा तो बारिश के कारण कभी भी ढह सकता है।

मौसम विभाग के अनुसार चूरू में बुधवार को अधिकतम तापमान 40.9 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 31.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। पिछले दिवस की तुलना में आज यहां अधिकतम तापमान 1.0 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया है। साथ ही न्यूनतम तापमान में भी 0.7 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है। यहां 6.0 एमएम बारिश दर्ज हुई है। हालांकि इसके बाद भी बारिश थमी नहीं थी। बारिश होने से किसानों के चेहरे पर चमक आ गई है। खेतों में बुवाई के लिए ट्रेक्टर चलने लगे हैं। बारिश से पशुओं को भी हरा चारा मिलने लगेगा।

चूरू में पंचायत समिति के सामने मुख्य सड़क बारिश के पानी से तालाब बन गई। इससे आमजन को बहुत परेशानी हो रही है।

विधायक का सम्मान

खेतडी, (निसं)। खेतडी क्षेत्र में अमृत योजना के लिए राशि स्वीकृत होने पर ग्रामीणों की ओर से बुधवार को विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर का नागरिक अभिनंदन किया गया। केंद्र सरकार की योजना शुरू होने से क्षेत्र के लिए पेयजल की समस्या को दूर किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर, विशिष्ट अतिथि पूर्व सरपंच धर्मेंद्र सिंह थे। जबकि अध्यक्षता समाजसेवी हरिराम गुर्जर ने की। कार्यक्रम में विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर ने कहा कि खेतडी पहाडी क्षेत्र होने के कारण यहां पेयजल के पर्याप्त संसाधन नहीं होने से लोगों को काफी परेशानी उठानी पडती है। पूर्व में राज्य सरकार की ओर से कुंभाराम परियोजना का पानी खेतडी क्षेत्र में पहुंचाया गया था, लेकिन अधिकांश गांवों व ढाणियों में कुंभाराम परियोजना का पानी सही तरीके से नहीं पहुंच पाने के कारण उनके सामने पेयजल की समस्या बनी हुई है। परियोजना का पानी प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाया जाए। इसके लिए व्यवस्था में सुधार करने के प्रयास करने होंगे। उन्होंने बताया कि अमृत जल परियोजना केंद्र सरकार की परियोजना है। जिसके तहत नीमकाथाना जिले के खेतडी क्षेत्र में 4 करोड 65 लाख रूपए की लागत से परियोजना का पानी घर - घर पहुंचाया जाएगा।

भाजपाईयों ने की आतिशबाजी व खिलाई मिठाई

सीकर, (निसं)। राजस्थान के कोटा से भाजपा सांसद श्री ओम बिड़ला के दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी की लहर दौड़ गई। भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने इस खुशी का इजहार जिला भाजपा कार्यालय में आतिशबाजी करते हुए एक दूसरे का मुंह मिठा कराया। बिड़ला के लोकसभा अध्यक्ष बनने पर जमकर रंगीन आतिशबाजी की गई। वहीं जिले की आठों विधानसभाओं में भी खुशी व्यक्त करते हुए आतिशबाजी करते हुए मिठाई खिलाई।

सोशल मीडिया संयोजक विष्णु काबरा ने बताया कि फतेहपुर में विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रहे श्रवण चौधरी, दांता में गजानंद कुमावत, खंडेला में विधायक सुभाष मील, श्रीमाधोपुर में अजय सिंह खर्रा, नीमकाथाना में जेपी लोढ़ा व प्रमोद बाजौर, धोद में विधायक गोरधन वर्मा व लक्ष्मणगढ़ में नवरंग लालासी व दिनेश जोशी के नेतृत्व में आतिशबाजी करते हुए मिठाई खिलाई। इस दौरान जिला महामंत्री संजय सैनी, जिला उपाध्यक्ष गोविंद सैनी, जिला मंत्री ओमप्रकाश बिजारणियां, बाबुलाल शर्मा, कविता चौधरी, विष्णु काबरा, निश्चय जीनगर आदि मौजूद रहे।

सार-समाचार

नेशनल किक बॉक्सिंग का आयोजन

झुंझुनूं, (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों का नेशनल किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन रहा। इस प्रतियोगिता में स्कूल के बच्चों ने राज्य की टीम से भाग लिया। इसमें नवनीत व ख्वाहिश ने ब्रॉन्ज मैडल प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन राजस्थान किक बॉक्सिंग ऑर्गनाइजेशन, संबद्ध वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फैडरेशन मान्यता प्राप्त युवा मामले एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार, सदस्य वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ किक बॉक्सिंग ऑर्गनाइजेशन द्वारा हुआ। प्रतियोगिता 10 से 14 जून को सिलीगुडी वेस्ट बंगाल में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में देश के सभी राज्य व केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 500 से अधिक खिलाडियों ने भाग लिया। इस दौरान स्कूल परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रिंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन जीएल कालेर ने सभी सफल बच्चों को सम्मानित किया व जीत की बधाई दी। इस अवसर पर संस्थान निदेशक निर्मल कालेर, एकेडमिक डायरेक्टर समीर शर्मा, प्रिंसिपल महेंद्र सैनी, कोच संदीप योगी, टीम मैनेजर मधु कुमावत, दिलबर नेगी तथा सभी विद्यालय स्टॉफ उपस्थित रहे।

छात्रों का चयन हुआ

झुंझुनूं, (निसं)। बोर्ड ऑफ सैकंडरी एजुकेशन राजस्थान अजमेर द्वारा घोषित स्टेट टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन रिजल्ट-2024 में झुंझुनूं जिला मुख्यालय स्थित प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने रिकॉर्ड सफलता हासिल की है। संस्थान निदेशक निर्मल कालेर ने बताया कि बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में स्कूल के छात्र धुव काजला पुत्र मुकेश काजला व अभिषेक चाहर पुत्र संजीव कुमार ने मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त किया है। इस मौके पर प्रिंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर ने सफलता पाने वाले बच्चों को बधाई दी व कहा कि संस्थान की सभी स्कूल्स में कक्षा 6 से ही कंपीटीशन पैटर्न पर तैयारी कराई जाती है। प्रिंस में प्रत्येक विद्यार्थी स्कूलिंग के साथ.साथ किसी न किसी कॅरिअर ओरिएंटेड कंपीटीशन की तैयारी कर रहा है। इसी का परिणाम है कि राज्य की उच्च प्रतिष्ठित एसटीएसई परीक्षा में प्रिंस के विद्यार्थियों ने रिकॉर्ड सफलता हासिल की है।

कैदियों की काउंसलिंग की

झुंझुनूं, (निसं)। अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर जिला जेल में कैदियों को नशे से दूर रहने के लिए काउंसलिंग की गई। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल के निर्देशानुसार जिला जेल में कैदियों में नशे की प्रवृत्ति रोकने, उन्हें काउंसलिंग कर नशे से दूर रहने के लिए आयोजित कार्यक्रम में नशा मुक्ति के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में बीडीके अस्पताल से मनोचिकित्सक डॉ. कपूर थालोर एवं डॉ. मुकेश कुमार एवं जेल डिस्पेंसरी के डॉ. नरेंद्र सिंघोया ने कैदियों को संबोधित किया। इस अवसर पर कैदियों को शपथ भी दिलाई गई।

आज होंगी विशेष ग्राम सभाएं

चूरू, (कासं.)। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहनलाल खटनावलिया ने आदेश जारी कर जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में गुरुवारए 27 जून को विशेष ग्राम सभाएं आयोजित किए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहनलाल खटनावलिया ने बताया कि जिले की उप चुनाव वाली ग्राम पंचायतों को छोड़कर समस्त ग्राम पंचायतों में व्यापक प्रचार प्रसार करने हेतु विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जायेगा।

ढूकिया हॉस्पिटल झुंझुनूं में नशा निषेध दिवस मनाया

- 'स्वस्थ व्यक्ति ही स्वार्णिम भारत विकसीत भारत का सपना साकार कर सकता है'
- नशे के प्रति युवाओं व आम नागरिकों को जागरूक करना जरूरी है

झुंझुनूं, (निसं)। बुधवार को ढूकिया हॉस्पिटल झुंझुनूं में नशा निषेध दिवस मनाया गया। डॉ. मोनिका ढूकिया ने बताया कि नशा निषेध दिवस का मुख्य उद्देश्य युवाओं को जागरूक कर उन्हें नशे से बचाना हैं, आज देश में नशे की वजह से युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा हैं। अत: नशे के प्रति युवाओं व आम नागरिकों को जागरूक करना जरूरी है। डॉ. उमराव कुल्हरी, गुर्दा एवं मूत्र रोग विषेषज्ञ ने बताया कि नशीली दवाओं के गैर कानूनी इस्तेमाल और अवैध तस्करी को रोकना जरूरी है ताकि देश का युवा नशे का सेवन न का सकें और स्वस्थ रहें। डॉ. नारायण दास, सीनीयर फीजिशियन ने कहा कि नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाकर देश के प्रत्येक नागरीक को इससें होने वाले कुप्रभाव व दुष्परिणाम के बारे में सचेत करना है। डॉ. महेन्द्र, हड्डी एवं जोड रोग विशेषज्ञ ने कहा कि देश के प्रत्येक नागरीक को नशा मुक्ति में अहम भूमिका निभानी चाहिये ताकि देश का प्रत्येक नागरिक स्वस्थ हो, स्वस्थ व्यक्ति ही स्वार्णिम भारत विकसीत भारत का सपना साकार कर सकता है। डॉ. अमित चौधरी सर्जन ने भी नशा मुक्ति पर प्रकाश डाला एवं समस्त नर्सिंगकर्मियों को नशा ना करने की शपथ दिलवायी।

अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक आयोजित

झुंझुनूं, (निसं)। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे की ओर से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के झुंझुनूं आगमन की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई। मोर्चे की बैठक में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के जिलाध्यक्ष शौकत अली चौहान ने मोर्चा कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि गुरूवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सभा में जिलेभर से अधिक से अधिक संख्या में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को लाया जाए और मुख्यमंत्री की सभा को सफल बनाया जाए। इस अवसर पर मोर्चे की बैठक में मोर्चे के जिला महामंत्री रूस्तम अली कांट, लुकमान खान, डॉ. शौकत अली, हाजी अब्दुल रहमान मोम, शाहिद फारूकी, मंसूर अली खान, इकबाल खान, हाजी मोहम्मद अय्यूब, बाबू अली रंगरेज, अब्दुल वाहिद अब्बासी, जावेद रंगरेज सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

डोटासरा की टिप्पणी को लेकर विप्र समाज ने जताया आक्रोश

- चूरू में कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा

चूरू, (कासं.)। गत दिनों कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा द्वारा कोटा रेंज आईजी रवि दत्त गौड़ पर की गई टिप्पणी को लेकर बुधवार को ब्राह्मण समाज ने आक्रोश व्यक्त किया और राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। राजस्थान गौड़ ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष सुधाकर सहल व विप्र सेना के चूरू जिला इकाई के अध्यक्ष महेश गौड़ के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में बताया कि कोटा रेंज के आईपीएस रवि दत्त गौड़ पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा की गई टिप्पणी से ब्राह्मण समाज में रोष व्याप्त है। ज्ञापन में बताया कि आईपीएस अधिकारी को इस प्रकार से अभद्र भाषा में खुले मंच से धमकाना गलत है। ज्ञापन में गोविंद सिंह डोटासरा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। इस मौके पर परशुराम युवा मंच के सुरेंद्र महर्षि, योगेश रूंथला, सुरेश सारस्वत, चंद्रप्रकाश शर्मा, महेश कुमार मिश्रा, रविकांत शर्मा, नरेंद्र शर्मा सहित विप्रजन उपस्थित थे।

ब्राह्मण समाज ने आक्रोश व्यक्त किया और राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग का निरीक्षण किया

पाटन, (निसं)। आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय जयपुर की संयुक्त निदेशक सीमा तनेजा एवं उप निदेशक डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग नीमकाथाना का आकस्मिक दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में संधारित उपस्थिति पंजिका, मूवमेंट पंजिका, आगंतुक पंजिका तथा विशेष रूप से जन आधार शिकायत पंजिका का अवलोकन किया। जन आधार में संशोधन, अद्यतन तथा एक से अधिक बार किये गये संशोधन की शिकायतों की जांच की गई। ब्लॉक में इस माह इस प्रकार की 25 शिकायतें दर्ज की गई जिनमें 23 समस्याओं का समाधान का पोर्टल पर तथा भौतिक रूप से सत्यापन किया गया। इसके अलावा जीवनांक में ई-साईन पेंडेंसी का शीघ्र निस्तारण करवाने हेतु पाबन्द किया गया।

विभाग द्वारा स्थानीय निकायों के लेखों का वर्गीकरण, ई-ग्राम, ब्लॉक फोल्डर एवं रूपरेखा का प्रकाशन, एनएसएस, संस्था आधार, कृषि शाखा, स्टोर आदि शाखाओं की फाईलों का भौतिक सत्यापन किया गया। मुख्य सचिव के निर्देशानुसार ई-फाईल एवं ई-डाक का पोर्टल पर पर जांच की गई, जिसमें कार्यालय में 95 ई-फाईल क्रियाशील है। इन फाईलों में पीयूसी एवं ड्रॉफ्ट का भी अवलोकन किया गया। ई-फाईल निस्तारण का औसत समय ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी एवं सांख्यिकी निरीक्षक का प्रति फाईल 24 मिनट तथा कनिष्ठ सहायक का प्रति फाईल 8 मिनट पाया गया जो राज्य के औसत से श्रेष्ठ है। वहीं उन्होंने कार्यालय में पंचायत समिति के माध्यम से प्राप्त 2.00 लाख रूपये के मरम्मत कार्यों का भी जायजा लिया।

आम सूचना

मै संजय कटारिया पुत्र श्री जगदीश जाति माली निवासी वार्ड नं. 3, चिडावा तहसील चिडावा जिला झुन्झुनू राज. का रहने वाला हूँ तथा शपथ पूर्वक बयान करता हूँ कि-

(1) यह कि मेरे पिता स्व. जगदीश प्रसाद सैनी के नाम एक टीवीएस स्टार सिटी प्लस मोटर साईकिल है। जिसका रजिस्ट्रेशन नम्बर आर.जे.18एस. आर.7353 दर्ज है।

(2) यह कि मेरे पिताजी जगदीश प्रसाद सैनी का देहान्त दिनांक 21.09.2015 को हो चुका है तथा मेरी माताजी संतोष देवी का देहान्त दिनांक 24.09.2014 को हो चुका है।

(3) यह कि मेरे माता-पिता के देहान्त के बाद उक्त वाहन पर मेरा ही कब्जा अधिकार है। इसलिए उक्त वाहन को अब मैं अपने नाम से दर्ज करवाना ाहता हूँ उक्त बाबत किसी को आपत्ति एतराज है तो सात दिवस के भितर जिला परिवहन कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करावें। अत शपथ पत्र पेश है।

तस्दीक

मैं। उपरोक्त शपथ ग्रहिता शपथ पूर्वक तस्दीक करता हूँ कि उपरोक्त शपथ पत्र में दी गई जानकारी सही व सत्य है।

हस्ताक्षर शपथग्रहिता

एसडीएम ने रात्रि चौपाल में सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

- ग्रामीण उचित तरीके से अपनी समस्याएं रखें एंव उनके समाधान के लिए समुचित प्रयास किए जाएंगे

चूरू, (कासं.)। जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी के निर्देशानुसार उपखंड अधिकारी बिजेंद्र सिंह ने मंगलवार को झारिया में हुई रात्रि चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और आवश्यक कार्यवाही के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए। इस मौके पर एसडीएम बिजेंद्र सिंह ने ग्रामीणों से कहा कि राज्य सरकार आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रतिबद्ध है। स्वयं मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के स्तर पर आमजन की समस्याओं और उनके समाधान की समीक्षा की जाती है। इसलिए ग्रामीण उचित तरीके से अपनी समस्याएं रखें एंव उनके समाधान के लिए समुचित प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों से कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार यह सुनिश्चित करें कि बिजलीए पानी, स्वास्थ्य, सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए लोगों को परेशान नहीं होना पड़े तथा लोगों की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ समयबद्ध ढंग से निस्तारण हो। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि बताई गई समस्याओं का लगातार फॉलोअप का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्वयं जागरुक होकर सरकार की योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ उठाएं तथा यह कोशिश करें कि योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंच सके। इस दौरान ग्रामीणों ने बिजली, पानी, स्वास्थ्य, राजस्व, पंचायत राज, रसद से जुड़ी समस्याएं बताई तथा मैन रास्ते पर सड़क निर्माण हेतु अनुरोध किया। साथ ही गांव में बैंक शाखा खोलने की भी जरूरत बताई। उपखंड अधिकारी ने प्रत्येक समस्या को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारी से फीडबैक लिया तथा समस्या समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। रात्रि चौपाल के बाद के बाद एसडीएम बिजेंद्र सिंह ने अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण कर टोकन वितरण की व्यवस्था देखी और खाने की गुणवत्ता जांच की।

मुख्यमंत्री भजनलाल आज आएंगे झुंझुनूं

झुंझुनूं, (निसं)। प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा 27 जून को एक दिवसीय दौरे पर झुंझुनूं आएंगे। मुख्यमंत्री सुबह 11.1० बजे हैलीकॉप्टर द्वारा जयपुर एयरपोर्ट से रवाना होकर 11.5० बजे झुंझुनूं हवाई पट्टी पंहुचेंगे।

मुख्यमंत्री कार्यालय के विशेषाधिकारी योगेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इसके बाद मुख्यमंत्री महोदय दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक केशव आदर्श विधा मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों को अभिवृद्धित राशि की डीबीटी कार्यक्रम में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा दोपहर 1.०5 बजे झुंझुनूं हवाई पट्टी से जयपुर के लिए रवाना होंगे।

मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर लगाया

- 36 मरीजों का चयन नेत्र लेंस प्रत्यारोपण के लिए किया

रतनगढ़, (निसं)। रतनगढ़ माहेश्वरी सभा ट्रस्ट व स्व. मदनलाल एवं स्व. कमला देवी तापड़िया की स्मृति में उनके परिजनों द्वारा व शंकरा आई हॉस्पिटल व जिला अंधता निवारण समिति, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन बुधवार को माहेश्वरी भवन में हुआ।

शिविर प्रभारी नरेंद झंवर ने बताया कि शिविर में 90 मरीजों की मोतियाबिंद जांच कर 36 मरीजों का चयन नेत्र लेंस प्रत्यारोपण के लिए किया गया। चयनित रोगियों को ऑपरेशन के लिए जयपुर ले जाया गया। वहां उनका ऑपरेशन गुरुवार को आधुनिक तकनीक द्वारा बिना टांके का किया जाएगा। शिविर शुरू होने से पूर्व भगवान शंकर की प्रतिमा के आगे दिनेश तापड़िया, संजू तापड़िया, विनीत तेनानी, गजेन्द्र धड़, जयप्रकाश इन्दोरिया, दीनदयाल खेतान, वासुदेव सिंधी, प्रकाश सारस्वत, मूलचन्द सिंधी ने दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया। माहेश्वरी सभा तहसील अध्यक्ष राकेश जाजू ने आगंतुक अतिथियों का अभिनंदन किया। शिविर में शकरा आई हॉस्पिटल की टीम, रामकिशन चाण्डक, रामोतार चाण्डक, एड रजनीकांत सोनी, जिलाध्यक्ष नरेश पेड़ीवाल, योगेश लढा, राजकुमार सोनी, महावीर रामगढ़िया, वासुदेव चाकलन, महेंद्र पारीक आदि ने अपनी सेवाएं दी। इस अवसर पर नगर के अनेक व्यक्ति व सैकड़ों मरीज उपस्थित थे।

MANAPPURAM FINANCE LTD.

CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.07.2024 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

चूरू, चूरू राजस्थान, 135110700010893, सरदार शहर, 135720700010088, 135720730026204, 6206, 6227, 6245, 6742, 6755, सुजानगढ, 135090700014502, 135090730053550, 3559, 3615, 3742, हनुमानगढ़, बाबा शाम सिंह कॉलोनी, 117270700057091, 7126, 117270730035786, 5901, 5905, 5994, 6030, 6079, 6085, 6111, 6133, 6145, 6244, 6269, 6310, 6334, 6340, बस स्टैंड गेट हनुमानगढ़, 117320700029091, 9112, 117320730019649, 9709, 9710, 9713, नोहर राजस्थान, 135640700026916, 6938, 6968, 6984, 7001, 7035, 7061, 7071, 7076, 7112, 7114, 8749, 135640730048877, 8878, 8904, 8967, 8971, 8984, 8988, 9016, 9091, 9133, 9205, 9230, 9231, 9232, 9233, 9234, 9235, 9236, 9237, 9238, 9240, 9242, 9244, 9245, 9247, 9248, 9263, 9266, 9369, 9370, पिलीबंगन, 135180700031428, 1615, 135180730026080, 6088, 6146, 6162, 6171, 6219, 6276, 6297, 6330, 6344, 6381, 6398, 6399, 6410, 6411, 6412, नागपुर , लाडनूं, 137990700002286, 2304, 2314, 2333, 137990730019161, 9259, मकराना, 138030730038291, 8532, तहसील चौक, 115510700020952, 0956, 0976, विजय वल्लभ चौक नागौर, 138430700002512, 2515, 2521, 2540, 138430730009404, 9470, 9471, 9495, 9499, श्रीमाधोपुर राजस्थान, 135520700010259, 135520730062607, 2614, 2628, 2629, 2650, 2684, 2698, 2702, 2703, 2760, 2867, 2885, सीकर, बजाज रोड सीकर, 111830700044244, 4296, 111830730082523, 2533, 2558, 2635, 2638, 2651, 2782, 2789, 2898, फतेहपुर राजस्थान, 135330700011766, 1771, 1775, 135330730033422, 3434, 3499, 3636, 3700, 3767, 3840, 3841, 3842, 3851, 3921,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

जाट उम्मीदवार के अलावा अन्य जातियों के उम्मीदवारों ने वि.स. चुनाव में हार के अंतर को कम किया है

झुंझुनूं विधानसभा में विजय के लिए खेलना होगा भाजपा को नोन जाट कार्ड

- ब्राह्मण, सैनी, राजपूत भारतीय जनता पार्टी की नैया पार लगा सकते हैं!

झुंझुनूं, (निसं)। विधानसभा के मतदाताओं व विद्वान विश्लेषकों से हुई राजनीतिक चर्चा के अनुसार लगातार कांग्रेस की झोली में जा रही झुंझुनूं विधानसभा सीट का आगामी उपचुनाव में क्या भविष्य रहेगा इसको लेकर झुंझुनूं विधानसभा के आमजन की राय व पिछले कई विधानसभा चुनाव के आंकड़ों व आंकलन को लेकर झुंझुनूं विधानसभा में लगातार भाजपा की हार का व कांग्रेस प्रत्याशी की जीत का क्या कारण है, यह भाजपा के लिए गहन मंथन का विषय है।

विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी, राजस्थान व केंद्र में भाजपा की सरकार फिर भी झुंझुनूं विधानसभा सीट पर भाजपा की जीत का दावा कमजोर क्यों, आमजन से हुई वार्ता से निकली बातों को कारण माने तो भाजपा द्वारा झुंझुनूं जिले में सातों विधानसभा सीट पर सही प्रकार से सोशल इंजीनियरिंग कर टिकटों का वितरण ना कर पाना भी भाजपा का जिले में पिछड़ने का एक प्रमुख कारण है। जानकारों की माने तो एक ही जाति विशेष पर अधिक विश्वास जताकर टिकट देना भाजपा के मूल वोटर को नाराज करना भी एक कारण है। झुंझुनूं जिले की सात विधानसभा सीटों तथा लोकसभा की आठ विधानसभा सीटों जिसमें एक रिजर्वेशन पिलानी विधानसभा की है। इसके अलावा खेतड़ी विधानसभा गुर्जर बाहुल्य वाली सीट है। शेष 5 सीटों पर जिले में बड़ी जनसंख्या वाली जातियां जैसे जाट, सैनी, ब्राह्मण, राजपूत आदि में सही अनुपात में टिकटों के वितरण से 36 कौम भाजपा के साथ जुडकर विजय परचम लहरा सकती है। जानकारों की माने तो झुंझुनूं विधानसभा की टिकट यदि ब्राह्मण, राजपूत व सैनी समाज को दी जाए तो भाजपा इस गढ़ को फतह कर सकती है। भाजपा की मूल रूप से जुड़ी जातियां ब्राह्मण, राजपूत, बनिया, सैनी, कुमावत, सोनी, जांगिड, दर्जी, नाई, स्वामी, योगी, खटीक, नायक सहित अन्य जातियां जिनके वोट लगभग 2 लाख से भी अधिक है, को वंचित व नाराज किया जाता रहा है, जो भाजपा को बहुमत में वोट देकर टक्कर में खड़ा करते हैं। बार-बार इन जातियों की उपेक्षा के चलते झुंझुनूं विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी का कमल खिलाना कठिन हो गया है।

विधानसभा के मतदाताओं व विश्लेषकों से हुई राजनीतिक चर्चा के अनुसार झुंझुनूं विधानसभा में भाजपा यदि नॉन जाट कार्ड खेलती है तो विधानसभा उपचुनाव में भाजपा का कमल खिल सकता है। विधानसभा में आमजन के मध्य कडी मेहनत करने वाले कार्यकर्ता झुंझुनूं शहर मंडल अध्यक्ष एवं जिला प्रवक्ता कमलकांत शर्मा, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं पूर्व बगड नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं झुंझुनूं से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रहे राजीव सिंह शेखावत, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह काली पहाड़ी, भाजपा जिला अध्यक्ष बनवारी लाल सैनी, पूर्व जिला अध्यक्ष पवन मावंडिया, एडवोकेट बिरजू सिंह शेखावत, बगड नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद सिंह राठौड सहित कई ऐसे उम्मीदवार हैं जो नॉन जाट वोटरों की पहली पसंद माने जाते हैं। भाजपा को यदि अपने मूल वोटर को बनाए रखना है, तो विधानसभा उपचुनाव में सोशल इंजीनियरिंग के आधार पर एक ही समाज को बार-बार टिकट देने की बजाय अन्य समाज जिसमें ब्राह्मण, सैनी, राजपूत उम्मीदवार पर दाव खेलना पड़ेगा। तभी भारतीय जनता पार्टी झुंझुनूं विधानसभा के गढ़ को फतह कर सकेगी ऐसा विद्वान विश्लेषण को का मानना है।

प्रभारी सचिव भास्कर ए सावंत आज चूरू आएंगे

चूरू, (कासं.)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के प्रमुख शासन सचिव तथा जिले के प्रभारी सचिव भास्कर ए सावंत गुरुवार को चूरू दौरे पर रहेंगे। यहां एडीएम उत्तमसिंह शेखावत ने बताया कि प्रभारी सचिव गुरुवार सवेरे 8.30 बजे जयपुर से प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे जिला मुख्यालय स्थित मातुश्री कमला गोयनका टाउन हॉल में आयोजित सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सामाजिक सुरक्षा पेंशन अभिवृद्धि राशि हस्तांतरण कार्यक्रम में भाग लेंगे।

विवाधकों के स्थिरीकरण के लिये सम्मन
(आदेश 5 सीपीसी)

न्यायालय अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश, तारानगर (चूरू)

प्रा.पत्र सं. 03 सन् 2024
मनभरी बनाम सर्वसाधारण
प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम

नोटिस बोर्ड

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थीया मनभरी पत्नी परसाराम जाति जाट उम्र 60 वर्ष निवासी जिगसाना टिब्बा तहसील तारानगर जिला चूरू के पुत्र सुरेन्द्र का स्वर्गवास दिनांक 24.02.2023 को हो चुका है। स्व. सुरेन्द्र ने अपने जीवनकाल में 1,57,000 रूपये का लोन लिया था, जिसका लोन सिक्योरीटी बीमा भी लिया हुआ था। जिसकी पॉलिसी सं. IF000120147KT है जिसका क्लेम अब प्रार्थीया प्राप्त करना चाहती है। इस बाबत प्रार्थीया ने न्यायालय एडीजे तारानगर में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन किया है। इस सम्बन्ध में किसी को भी आपत्ति हो तो वह उक्त न्यायालय में दिनांक 09.07.2024 को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश होकर सुसंगत दस्तावेज पेश करें।

यह नोटिस आज दिनांक 20.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

मोहर अदालत

अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश
तारानगर (चूरू)

इकाई कार्यालय, रीको, सीकर

क्रमांक-यू(19)/868 दिनांक-25.06.2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रीको द्वारा औद्योगिक क्षेत्र नीम का थाना में भूखण्ड संख्या एच1-28 का आवंटन दिनांक 20.12.1983 को मै. विजय लक्ष्मी केमिकल इण्डस्ट्रीज प्रो. श्री राम पुत्र श्री कालूराम जाट को किया गया था। इस भूखण्ड की लीजडीड